Truth will Trimuph

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
(के.एम.शर्मा)
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
(बी.के.सिन्हा)

अध्यक्ष : 2224282 (O), 2353207 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
कोषाध्यक्ष : 2232755 (O), 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सआदत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता

पत्र संख्या– 39 दिनांक 31-12-05

दिनांक 30.12.2005 को संपन्न बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही।

1. बैठक श्री कृष्ण मुरारी शर्मा, संयुक्त सचिव, वित्त विभाग की अध्यक्षता में संपन्न हुई।
2. उपस्थिति–उपस्थिति पंजी के अनुसार।
3. केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति द्वारा संघ के कार्यकलापों पर संतोष व्यक्त किया गया। वर्ष 2005 में बिहार प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति से भरे जाने वाले पदों के लिए संघ लोक सेवा आयोग की बैठक हो गयी है। बैठक की कार्यवाही शीघ्र ही कार्मिक एवं प्र०सु०विभाग को प्राप्त होनेवाला है।
4. संयुक्त सचिव के 11 पद एवं अपर जिला दण्डाधिकारी के 21 पदों पर प्रोन्नति हेतु विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक के बाद संलेख प्रारूप तैयार कर मुख्य सचिव के माध्यम से संचिका माननीय मुख्यमंत्री के अनुमोदन हेतु भेज दिया गया है।
5. प्रथम ए०सी०पी०की बैठक के बाद बैठक की कार्यवाही पर वित्त विभाग की सहमति प्राप्त कर लिया गया है। सहमति के उपरांत संलेख प्रारूप तैयार कर माननीय मुख्यमंत्री के अनुमोदन हेतु संचिका भेज दी गयी है।
6. द्वितीय ए०सी०पी० एवं बेसिक ग्रेड से अनुमण्डल पदाधिकारी स्तर पर प्रोन्नति हेतु बैठक माह जनवरी में निर्धारित हो जाने की आशा हे। इस प्रकार वर्ष 2005 के लिए जो भी प्रोन्नति हेतु रिक्त पद है, उन्हें भरने की कार्रवाई अंतिम चरण में है।
7. संघ का पाँच सदस्यीय शिष्टमंडल दिनांक 31.12.2005 को माननीय मुख्यमंत्री से 1.30 बजे अपराह्न मिलने हेतु बुलाया गया है। माननीय मुख्यमंत्री के साथ बैठक की सारी तैयारियाँ कर ली गयी है। संघ की आम सभा दिनांक 19 फरवरी, 2006 को बुलाये जाने हेतु तिथि निर्धारित की गयी है। आम सभा की बैठक की सारी तैयारियों का जायजा लिया गया एवं जिला इकाईयों से अनुरोध किया गया कि इस हेतु अपने–अपने जिला से सहयोग राशि तुरंत

Truth will Trimuph

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1
(पंजीयन-633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
(के.एम.शर्मा)
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
(बी.के.सिन्हा)

अध्यक्ष : 2224282 (O), 2353207 (R)
महासचिव : 2286093 (R) 2205421
कोषाध्यक्ष : 2232755 (O), 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सआदत हसन मंजर
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता

दिनांक..............

पत्र संख्या-

भेजें, जिससे कि आम सभा को सफल बनाया जा सके। सभी जिला इकाईयों से यह भी अनुरोध किया गया है कि इस आम सभा में ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को उपस्थित होने का निर्देश दें।

8. बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की प्रोन्नति मे तत्परता बरतने के लिए केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति मुख्य सचिव/सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग एवं विभाग के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करती है और कार्यकारिणी समिति आशा व्यक्त करती है कि भविष्य में भी ससमय प्रोन्नति के सभी पद तत्परतापूर्वक भरे जायेंगे।

आम सभा की तैयारी हेतु संघ के कार्यकारिणी समिति की अगली बैठक दिनांक 15.01.2006 को बुलायी जायेगी।

9. अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

ह0/-
{कृष्ण मुरारी शर्मा}
अध्यक्ष

प्रतिलिपि, सभी जिला/अनुमण्डल इकाई के अध्यक्ष/सचिव को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि, मुख्य सचिव, बिहार, पटना/सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

31/12/05

{विपिन कुमार सिन्हा}
महासचिव

प्रतिलिपि, केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों/उपाध्यक्ष/संयुक्त सचिव/कोषाध्यक्ष को सूचनार्थ प्रेषित।

31/12/05

{विपिन कुमार सिन्हा}
महासचिव